शिक्षा विभाग
प्रशासन निदेशालय

# सुलभ संगणक
# (Ready Reckoner)

**2026**

**प्रशाखा-01**

## विधान मंडलीय कार्य




**शिक्षा विभाग, बिहार**



बिहार सरकार

**सुनील कुमार**
मंत्री, शिक्षा विभाग,
बिहार सरकार

# संदेश

शिक्षा मानव समाज के विकास के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। यह न केवल ज्ञानार्जन का साधन है, बल्कि समाज में न्याय, समानता और समरसता को प्राप्त करने का माध्यम भी है। राज्य के हर बच्चे को आधुनिक समाज की आवश्यकताओं के अनुरूप गुणवत्तापूर्ण शिक्षा मिले और शिक्षा के स्तर में सुधार हो, इसके लिए शिक्षा विभाग, बिहार सदैव तत्पर और प्रयत्नशील है।

लोक कल्याणकारी राज्य की नीतियों के अनुरूप शिक्षा तथा मानव संसाधन से जुड़े सभी कार्यक्रमों के प्रभावी कार्यान्वयन के लिए विभाग के काम-काज को और बेहतर एवं समयबद्ध बनाने की आवश्यकता समझी गई और मुझे यह जानकर हार्दिक प्रसन्नता हो रही है कि शिक्षा विभाग के विभिन्न प्रशाखाओं द्वारा निष्पादित किये जाने वाले कार्यों के पारदर्शी एवं सुगम संचालन को दृष्टिपथ में रखकर प्रशाखावार सुलभ संगणक (Ready Reckoner) तैयार किया गया है।

शिक्षा विभाग अंतर्गत सभी प्रशाखाओं द्वारा निष्पादित किये जाने वाले कार्यों के निष्पादनार्थ एक मानक कार्य योजना निर्धारित कर दिये जाने से निश्चय ही कार्यों के निष्पादन में न केवल गतिशीलता आएगी वरन् इससे समयसीमा के अंदर पूर्ण पारदर्शिता एवं गुणवत्तापूर्ण तरीके से कार्यों का निष्पादन संभव हो पाएगा।

स्थानांतरण/पदस्थापन से आये कर्मियों अथवा नवनियुक्त पदाधिकारियों/कर्मियों द्वारा विभागीय कार्यों के निष्पादन में सुलभ-संगणक एक मार्गदर्शिका के रूप में उपयोग में लाया जा सकेगा।

सुलभ संगणक की परिकल्पना को मूर्त रूप प्रदान करने के लिए विभाग के अपर मुख्य सचिव, डॉ. बी. राजेन्दर एवं संलग्न पदाधिकारी/कर्मी बधाई के पात्र हैं। मैं इन्हें अपनी ओर से बहुत शुभकामनाएँ देता हूँ।

**(सुनील कुमार)**



**बिहार सरकार**

**डॉ. बी. राजेन्दर**
अपर मुख्य सचिव, शिक्षा विभाग,
बिहार सरकार

# प्राक्कथन

बिहार ज्ञान की भूमि है। राज्य के गौरवशाली शैक्षणिक इतिहास को संरक्षित करने तथा राज्य में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करने के लिए शिक्षा विभाग कृत संकल्पित है। कई शीर्ष निकायों एवं निदेशालयों के साथ विभाग एक ऐसा शैक्षिक व्यवस्था एवं वातावरण बनाने का काम कर रहा है जिसमें सभी बच्चे, युवा एवं महिलाएं अपने ज्ञान और कौशल से समाज और देश के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका का निर्वहन कर सके।

शिक्षा विभाग द्वारा विद्यार्थियों की शैक्षणिक उपलब्धि के साथ ही उनके सामाजिक एवं आर्थिक विकास को ध्यान में रखते हुए कई महत्वपूर्ण कार्य किए जा रहे हैं। सुयोग्य शिक्षकों की नियुक्ति से गुणात्मक शिक्षा को बल मिला है, वहीं विभिन्न लाभुक आधारित योजनाओं, निःशुल्क पाठ्य पुस्तकों का वितरण, पी.एम.पोषण योजना आदि से गरीब एवं अभिवंचित वर्ग के बच्चों को शिक्षा प्राप्त कर समाज की मुख्य धारा में शामिल होने का अवसर प्राप्त हुआ है। शैक्षणिक संस्थानों में आधारभूत संरचनाओं के विकास, अनुश्रवण व्यवस्था एवं नवाचारी प्रयोगों से शैक्षणिक माहौल में उपलब्धि मूलक सुधार परिलक्षित हुआ है।

लोक भागीदारी और सोशल मिडिया के प्रभाव से समस्याओं का शीघ्रता से समाधान तथा जन कल्याणकारी नीतियों के कार्यान्वयन में जन भावनाओं पर खरा उतरने की चुनौती बढ़ी है। इन कार्यों को समयबद्ध रूप से निष्पादित करने को ध्यान में रखकर शिक्षा विभाग के सभी प्रशाखाओं के लिए सुलभ संगणक तैयार किया गया है। इसमें प्रशाखा द्वारा निष्पादित किये जाने वाले कार्यों, निर्धारित समय अवधि, प्रयुक्त होने वाले नियम, परिपत्र, अनुदेश, कार्य योजना, उद्देश्य एवं दायित्व, संरचनात्मक विवरणी, निरीक्षण, पटल निरीक्षण एवं उपलब्धि आदि बिन्दु समाहित हैं। किसी कार्य को निष्पादित करने के सभी संगत नियम एवं प्रक्रियाएं एक ही जगह सुगमता से उपलब्ध रहने से इन कार्यों को सहजता से किया जा सकेगा। कार्यों के निष्पादन में संलग्न पदाधिकारी/कर्मी/नवनियुक्त पदाधिकारियों के लिए यह एक स्थायी मार्गदर्शिका के रूप में कार्य करेगा। साथ ही यह विभाग में पूर्व से चले आ रहे कार्यों को आगे बढाने में, लम्बित मामलों की जानकारी प्राप्त करने एवं कार्य-संस्कृति में उत्तरोत्तर सुधार लाने में भी सहायक होगा।

सुलभ संगणक के विभागीय वेबसाईट पर उपलब्ध हो जाने से आमजनों को भी शिक्षा विभाग के पारदर्शी कार्य प्रणाली की जानकारी सुलभ हो पाएगी। मैं सुलभ संगणक के निर्माण में संलग्न पदाधिकारियों/ कर्मियों को उनके इस प्रयास के लिये हृदय से धन्यवाद देता हूँ।

Rajender 12.12.2025

**(डॉ. बी. राजेन्दर)**



बिहार सरकार

**मनोरंजन कुमार**
निदेशक (प्रशासन)
शिक्षा विभाग, बिहार, पटना

# प्रस्तावना

प्रशासन निदेशालय के प्रशाखा-01 द्वारा बिहार विधान सभा एवं विधान परिषद् से प्राप्त विभिन्न प्रकार के प्रश्नों, अल्पसूचित/संकल्प एवं ध्यानाकर्षण आदि को संबंधित निदेशालयों को उपलब्ध कराने, बिहार विधान सभा एवं विधान परिषद के द्वारा संचालित सत्र में प्राप्त प्रश्नादि का उत्तर नेवा वेबसाईट पर अपलोड/संप्रेषित कराने का कार्य एवं उससे जुड़ी गतिविधियों का सतत् अनुश्रवण किया जाता है। प्रशाखा द्वारा बिहार विधान सभा एवं विधान परिषद की विभिन्न समितियों का राज्य में होने वाले स्थल अध्ययन यात्रा की सूचना जिला में प्रेषित करने, बिहार विधान सभा एवं विधान परिषद की विभिन्न समितियों की आहूत बैठक में भाग लेने हेतु विभिन्न निदेशालयों को सूचित करने संबंधी कार्य एवं बैठक के लिए प्रतिवेदन उपलब्ध करवाने के साथ ही लोकसभा/राज्यसभा के प्रश्नादि का त्वरित अनुपालन/निष्पादन कराए जाने के लिए सभी निदेशालयों, प्रशाखाओं एवं जिलों के साथ समन्वय संबंधी महत्त्वपूर्ण दायित्त्वों का निर्वहन किया जाता है।

इस प्रशाखा का उद्देश्य है कि शिक्षा विभाग से संबंधित विधायी कार्यों का सही एवं सुगमतापूर्वक निष्पादन हो सके।

प्रस्तुत सुलभ संगणक प्रशाखा-01 द्वारा संपादित किये जाने वाले सभी कार्यों के संपादन के लिए एक स्थायी मार्गदर्शिका का कार्य करेगा। यह प्रशाखा में नये पदस्थापित होने वाले पदाधिकारियों/ कर्मियों के लिए जानकारी का महत्वपूर्ण स्रोत होगा। इससे प्रशाखा में पूर्व से चले आ रहे कार्यों को आगे बढ़ाने, लंबित मामलों की जानकारी प्राप्त करने एवं कार्य संस्कृति में उत्तरोत्तर सुधार लाने में सहायता मिलेगी।

सुलभ संगणक को तैयार करने के लिए डॉ. बी. राजेन्दर, अपर मुख्य सचिव, शिक्षा विभाग, बिहार का सतत् मार्गदर्शन एवं प्रेरणा प्राप्त हुआ है। हम विश्वास दिलाते हैं कि कार्य विविधता एवं नए आयामों के संदर्भ में अपर मुख्य सचिव महोदय से आगे भी प्राप्त होने वाले दिशा निदेशों को अनुपालित कर हम सुलभ संगणक को और परिवर्धित तथा उपयोगिता मूलक बनाने का प्रयास करेंगे।

**(मनोरंजन कुमार)**

# विषय सूची


| क्र॰ सं॰ | विषय | पृष्ठ सं0 |
|---|---|---|
| 1. | संरचनात्मक एवं संस्थागत विवरण । | 06 |
| 2. | पदाधिकारी एवं कर्मियों की विवरणी। | 07 |
| 3. | प्रशाखा के वरीय प्रभारी एवं पदस्थापित पदाधिकारियों की विवरणी तथा उनके कर्त्तव्य। | 08 |
| 4. | प्रशाखा का उद्देश्य एवं दायित्व । | 09–10 |
| 5. | प्रशाखा को आवंटित कार्य । | 11 |
| 6. | प्रशाखा द्वारा निष्पादित कार्यों की प्रक्रिया/निष्पादित अवधि/सक्षम प्राधिकार । | 12 |
| 7. | प्रशाखा–01 की प्राथमिकताएँ । | 13 |
| 8. | प्रशाखा में कार्यरत सहायक प्रशाखा पदाधिकारी को आवंटित कार्य की विवरणी । | 14 |
| 9. | प्रशाखा में पदस्थापित सहायक प्रशाखा पदाधिकारी के प्रभार में क्रियाशील/अक्रियाशील संचिकाओं की विवरणी। | 15 |
| 10. | प्रशाखा–01 की उपलब्धि। | 16 |
| 11. | संसदीय कार्य विभाग से प्राप्त एवं उत्तर प्रतिवेदन हेतु विहित प्रपत्र। | 17–20 |
| 12. | विधानमण्डलीय प्रश्नों की लंबित स्थिति। | 21–22 |

# प्रशाखा–01

*संरचनात्मक एवं संस्थागत विवरण*

श्री सुनील कुमार,
माननीय शिक्षा मंत्री बिहार सरकार

डॉ0 बी0 राजेन्दर (भा0प्र0से0),
अपर मुख्य सचिव, शिक्षा विभाग

श्री मनोरंजन कुमार
(बि0प्र0से0)
निदेशक (प्रशासन)

श्री रामानुज प्रसाद सिंह
(बि0प्र0से0)
उप निदेशक (प्रशासन)

श्री सुरज कुमार
(बि0स0से0)
प्रशाखा पदाधिकारी

श्री राहुल कुमार
(बि0स0से0)
सहायक प्रशाखा पदा0

श्री सच्चिदा नंद
(बि0स0से0)
सहायक प्रशाखा पदा0

श्री रंजन कुमार
डाटा इन्ट्री ऑपरेटर

श्री सुरेन्द्र कुमार
कार्यालय परिचारी,

# पदाधिकारी एवं कर्मी की विवरणी

| क्र॰ सं॰ | नाम एवं पदनाम | कार्यस्थल | आवासीय पता | मो0 नं0 एवं ई–मेल | फोटो |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | डॉ0 बी॰ राजेन्दर, (भा॰प्र॰से॰) अपर मुख्य सचिव 1995 बैच डॉक्टरेट (पादप रोग विज्ञान) | कमरा नं0–414, नया सचिवालय विकास भवन | ए॰–3 / 19, ऑफिसर्स आवास, नेहरू पथ, बेली रोड, पटना | 0612-2217016 secy-edn-nih-@nic.in |  |
| 2. | श्री मनोरंजन कुमार , (बि॰प्र॰से॰), निदेशक (प्रशासन) | कमरा नं0–71 (भूतल) विकास भवन, नया सचिवालय, पटना | फ्लैट सं0 A101 शिवा आपर्टमेंट IAS Colony बेली रोड, पटना | 7717723302 manoranjan.kumar 70 @gov.in |  |
| 3. | श्री रामानुज प्रसाद सिंह, (बि॰प्र॰से॰), उप निदेशक (प्रशासन) | कमरा नं0–73 (भूतल) विकास भवन, नया सचिवालय, पटना | महेश नगर, रोड न0–03 बी0, पटना। | 7782823489 rpsinghspgro@ gmail.com |  |
| 4. | श्री सुरज कुमार, (बि॰स॰से॰), प्रशाखा पदाधिकारी | कमरा नं0–405(बी) (चतुर्थ तल) नया सचिवालय | C/o श्री विनोद मेहता, घाघा घाट रोड़ महेन्द्रु पटना | 8986121257 suraj.1983@ bihar.gov.in |  |
| 5. | श्री राहुल कुमार (बि॰स॰से॰),, सहायक प्रशाखा पदाधिकारी | कमरा नं0–405(बी) (चतुर्थ तल) नया सचिवालय | न्यू यारपुर, गर्दनीबाग,पटना | 9122866434 rahulraj912286@ gmail. com |  |
| 6. | श्री सच्चिदा नंद सहायक प्रशाखा पदाधिकारी | कमरा नं0–405(बी) (चतुर्थ तल) नया सचिवालय | बी0–137 पी.सी.कॉलोनी, कंकडबाग, पटना–20 | 9437422299 |  |
| 7. | श्री सुरेन्द्र कुमार कार्यालय परिचारी, | कमरा नं0–405(बी) (चतुर्थ तल) नया सचिवालय | | 9608415374 |  |
| 8. | श्री रंजन कुमार डाटा इन्ट्री ऑपरेटर, (बेल्ट्रॉन से संविदा पर) | कमरा नं0–405(बी) (चतुर्थ तल) नया सचिवालय | विष्णुपुरी चितकोहरा गर्दनीबाग,पटना–2 | 9097400952 ranjankumar568@ gmail. com |  |

# प्रशाखा के वरीय प्रभारी एवं पदस्थापित पदाधिकारियों की विवरणी तथा उनके कर्त्तव्य।

| क्र0 | नाम एवं पदनाम | कर्त्तव्य |
|---|---|---|
| 1 | डॉ. बी. राजेन्दर (भा.प्र.से.)<br>अपर मुख्य सचिव, | नीतिगत मामलों को अनुमोदित करना |
| 2. | श्री मनोरंजन कुमार (बि॰प्र॰से॰)<br>निदेशक (प्रशासन) | नीतिगत मामलों को छोड़कर अन्य महत्वपूर्ण मामलों को अनुमोदित करना। |
| 3. | श्री सुरज कुमार (बि॰स॰से॰)<br>प्रशाखा पदाधिकारी | मामलों की समीक्षा एवं संचिका उपस्थापन करना। |
| 4. | श्री राहुल कुमार (बि॰स॰से॰)<br>सहायक प्रशाखा पदाधिकारी | आवंटित कार्य/प्राप्त पत्रों को संचिका में संधारित कर नियमावली/नियम/अनुदेश के आलोक में संचिका का उपस्थापन करना। |
| 5. | श्री सच्चिदा नंद (बि॰स॰से॰)<br>सहायक प्रशाखा पदाधिकारी | आवंटित कार्य/प्राप्त पत्रों को संचिका में संधारित कर नियमावली/नियम/अनुदेश के आलोक में संचिका का उपस्थापन करना। |

# प्रशाखा–01 का उद्देश्य एवं दायित्व

1. लोक सभा/राज्य सभा/बिहार विधान सभा/बिहार विधान परिषद् द्वारा प्राप्त विभिन्न प्रकार के प्रश्नों (तारांकित/अतारांकित/अल्पसूचित)आश्वासन/ निवेदन/याचिका/ध्यानाकर्षण/शून्यकाल आदि को संबंधित निदेशालयों को उपलब्ध कराना।

2. बिहार विधान सभा एवं विधान परिषद के द्वारा संचालित सत्र में प्राप्त तारांकित /अतारांकित /अल्पसूचित/संकल्प एवं ध्यानाकर्षण प्रश्नों को संबंधित निदेशालयों/कार्यालयों को उपलब्ध कराना/ संबंधितों द्वारा उसके अनुपालन का अनुश्रवण तथा अनुमोदित उत्तर सामाग्री बिहार विधान सभा एवं बिहार विधान परिषद् को भेजना।

3. बिहार विधान सभा एवं बिहार विधान परिषद् से सत्र की समाप्ति के उपरान्त प्राप्त आश्वासन, निवेदन, याचिका, ध्यानाकर्षण, शून्यकाल आदि को संबंधित निदेशालयों को उपलब्ध कराना तथा अनुपालन की अद्यतन स्थिति का अनुश्रवण।

4. सत्र के दौरान निदेशालयों द्वारा प्राप्त कराए गए उत्तर को बिहार विधान सभा एवं बिहार विधान परिषद के नेवा वेबसाईट पर अपलोड कराना।

5. बिहार विधान सभा एवं बिहार विधान परिषद की विभिन्न समितियों का राज्य में होने वाले स्थल अध्ययन यात्रा की सूचना जिला में प्रेषित करने से संबंधित कार्य।

6. बिहार विधान सभा एवं विधान परिषद की विभिन्न समितियों की आहूत बैठक में भाग लेने हेतु विभिन्न निदेशालयों को सूचित करने संबंधी कार्य एवं बैठक के लिए निदेशालयों से प्राप्त प्रतिवेदन के आधार पर समेकित प्रतिवेदन बिहार विधान सभा एवं बिहार विधान परिषद् को उपलब्ध करवाना ।

7. प्रशाखा को स्वच्छ एवं साफ–सुथरा रखना।

8. क्रियाशील एवं अक्रियाशील श्रेणी की संचिकाओं का वर्गीकरण करना तथा अक्रियाशील संचिकाओं को रिकॉर्ड रूम में सुरक्षित रूप से रखना।

9. प्रशाखा के पदाधिकारी एवं कर्मचारियों का ससमय कार्यालय में उपस्थित रहना।

# प्रशाखा– 01 के आवंटित कार्य

विधानमण्डलीय (बिहार विधान सभा एवं बिहार विधान परिषद्) कार्यः–

(1) सत्र के समय सभी प्रकार के अनुमोदित प्रश्नोत्तर सामग्री, संबंधित प्रशाखा से प्राप्त कर, मा॰ प्रभारी मंत्री कोषांग को उपलब्ध कराना।

(2) विधान मंडल में समय–समय पर आयोजित लंबित प्रश्नादि एवं समितियों के बैठक हेतु विभाग का समेकित प्रतिवेदन तैयार करना।

(3) विधान मण्डल से प्राप्त प्रश्नों का उत्तर **online** विधान मण्डल को भेजा जाना

(4) सत्र प्रारम्भ होने से पन्द्रह दिन पूर्व प्रवेश पत्र विधान मंडल सचिवालय से प्राप्त करना।

(5) विधान मंडल पदाधिकारी दीर्घा में उपस्थित रहने हेतु राजपत्रित पदाधिकारियों का रोस्टर ड्यूटी तैयार करना।

(6) सत्र हेतु विभागीय कर्मियों का रोस्टर ड्यूटी तैयार करना।

# प्रशाखा–01 द्वारा निष्पादित कार्यों की प्रक्रिया/निष्पादित अवधि/सक्षम प्राधिकार

| क्र. सं. | विषय | आवश्यक कागजात | निष्पादन हेतु विहित प्रक्रिया | निर्धारित समय | सक्षम प्राधिकार |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1. | विधायी कार्य | बिहार विधान सभा एवं बिहार विधान परिषद् से प्राप्त पत्र/निदेश | लोक सभा/राज्य सभा/ विधान सभा/विधान परिषद् में मा॰ सदस्यों द्वारा उठाये गये प्रश्नों को विभाग के विभिन्न प्रशाखाओं को सूचीबद्ध कर भेजना तथा उसका ऑन–लाईन/ऑफलाईन अनुपालन कराना/उपर्युक्त प्रश्नों पर मा॰ मंत्री का अनुमोदन प्राप्त करने में सहयोग संबंधी कार्य/ बिहार विधान सभा एवं बिहार विधान परिषद् की विभिन्न समितियों द्वारा विभाग में लंबित प्रश्नों आश्वासनों/निवेदन/याचिकाओं/ध्यानाकर्षण/शून्यकाल आदि का अनुश्रवण, प्राप्त प्रतिवेदनों के आधार पर समेकित अनुपालन प्रतिवेदन भेजने का कार्य। | निर्धारित तिथि अनुसार | वरीय प्रभारी पदा॰ |

# प्रशाखा–01 की प्राथमिकताएँ

(1) विधान मंडलीय कार्य यथाः–तारांकित/अतारांकित/गैर सरकारी संकल्प/अल्पसूचित/आश्वासन/निवेदन/याचिका/शून्यकाल/ध्यानाकर्षण आदि का ससमय उत्तर प्रेषित किये जाने हेतु सभी निदेशालयों एवं प्रशाखाओं से समन्वय स्थापित करना और प्रयास करना कि शत्–प्रतिशत प्रश्नोत्तर सामग्री का प्रेषण ससमय कर दिया जाय ।

# सहायक प्रशाखा पदाधिकारी को आवंटित कार्य

| सहायक प्रशाखा पदा0 | आवंटित कार्य |
|---|---|
| श्री राहुल कुमार, सहायक प्रशाखा पदाधिकारी | **1.** लोक सभा/राज्य सभा एवं बिहार विधान परिषद में माननीय सदस्यों द्वारा उठाये गये प्रश्नों को विभाग के विभिन्न प्रशाखाओं को सूचीबद्ध कर भेजना तथा उसका ऑन–लाईन/ऑफ लाईन अनुपालन कराना/उपर्युक्त प्रश्नों पर संबंधित निदेशालयों द्वारा मा॰ मंत्री का अनुमोदन का अनुश्रवण संबंधी कार्य।<br>**2.** बिहार विधान परिषद् की विभिन्न समितियों द्वारा विभाग में लंबित प्रश्नों आश्वासनों/ निवेदनों/याचिकाओं/ध्यानाकर्षण/ शून्यकाल आदि का अनुश्रवण एवं बैठक में इसका निष्पादन कराने संबंधी कार्य।<br>3. माननीय मंत्री महोदय द्वारा अनुमोदित प्रश्नोंतर सामग्री को ऑनलाईन अपलोड करवाने से संबंधित सभी कार्य।<br>**4.** समन्वय संबंधित सभी कार्य।<br>**5.** प्रशाखा पदाधिकारी द्वारा समय–समय पर सौपे गये अन्य कार्य। |
| श्री सच्चिदा नंद, सहायक प्रशाखा पदाधिकारी | **1.** बिहार विधान सभा में माननीय सदस्यों द्वारा उठाये गये प्रश्नों को विभाग के विभिन्न प्रशाखाओं को सूचीबद्ध कर भेजना तथा उसका ऑन–लाईन/ऑफ लाईन अनुपालन कराना/उपर्युक्त प्रश्नों पर संबंधित निदेशालयों द्वारा माननीय मंत्री का अनुमोदन का अनुश्रवण संबंधी कार्य।<br>**2.** बिहार विधान सभा की विभिन्न समितियों द्वारा विभाग में लंबित प्रश्नों आश्वासनों/ निवेदनों/ याचिकाओं/ ध्यानाकर्षण/शून्यकाल आदि का अनुश्रवण एवं बैठक में इसका निष्पादन कराने संबंधी कार्य।<br>**3.** माननीय सदस्यों के स्थल अध्ययन दल से संबंधित सभी कार्य।<br>**4.** प्रशाखा पदाधिकारी द्वारा समय–समय पर सौपे गये अन्य कार्य। |

# प्रशाखा–01 में क्रियाशील और अक्रियाशील संचिकाओं की संख्यात्मक विवरणी

| क्र० | सहायक प्रशाखा पदाधिकारी का नाम | क्रियाशील संचिकाओं की संख्या | अक्रियाशील संचिकाओं की संख्या | अभ्युक्ति |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| 01 | श्री सच्चिदा नंद | 44 | 04 | |
| 02 | श्री राहुल कुमार | 32 | 03 | |

नोट :– वर्णित अक्रियाशील संचिकाओं को सूचीबद्ध कर अभिलेखाकार में भेजा जा रहा है एवं क्रियाशील संचिकाओं का निरन्तर अध्ययन किया जा रहा है ।

# प्रशाखा–01 की उपलब्धि।

1. बिहार विधान सभा एवं बिहार विधान परिषद के द्वारा संचालित सत्र में प्राप्त तारांकित/अल्पसूचित/संकल्प एवं ध्यानाकर्षण प्रश्नों का ससमय अनुश्रवण किया गया।
2. बिहार विधान सभा एवं बिहार विधान परिषद द्वारा प्राप्त आश्वासन, निवेदन, याचिका, ध्यानाकर्षण एवं शून्यकाल आदि विभिन्न प्रकार के प्रश्नो का निष्पादन हेतु संबंधित निदेशालयों के साथ समीक्षा बैठक आयोजित कर एवं कैम्प लगाकर बहुतायत प्रश्नों का निष्पादन कराया गया।
3. प्रशाखा में कार्यरत सहायक प्रशाखा पदाधिकारी एवं अन्य कर्मियों की सहायता से प्रशाखा में लंबित पत्रों/संचिकाओं की संख्या न्यूनतम है।
4. जुलाई 2023 से जुलाई 2025 तक उत्तरित प्रश्नोत्तर सामग्री को संकलित कर बाईडिंग कराकर पुस्तक के रूप में तैयार किया गया।
5. **बायोमैट्रिक उपस्थिति (Biometric Attendance)** :–प्रशाखा के सभी कर्मियों को बायोमैट्रिक के माध्यम से उपस्थिति दर्ज करने का निदेश दिया गया, जिसका अनुपालन सफलतापूर्वक की जाती है।
6. **अक्रियाशील संचिकाओं का विभागीय अभिलेखागार में स्थानांतरण :–**
   प्रशाखा–01 में संधारित अक्रियाशील संचिकाओं को सूचीबद्ध कर दिया गया है तथा अभिलेखागार में स्थानांतरण की प्रक्रिया की जा रही है।
7. **प्रशाखा में साफ–सफाई बरतने एवं निर्धारित ड्रेस कोड का पालन :–**अपर मुख्य सचिव द्वारा साफ–सफाई बरतने, संचिकाओं का उचित रख–रखाव एवं सभ्य ड्रेस कोड का अनुपालन करने का निदेश दिया गया, जिसका अनुपालन सभी कर्मियों/पदाधिकारियों द्वारा की जाती है।
8. **टिप्पणी में पूर्ण हस्ताक्षर करना एवं नाम अंकित करना :–**सभी पदाधिकारी एवं सहायक प्रशाखा पदाधिकारी द्वारा जो भी टिप्पणी अंकित की जाती है, उसमें अपना पूर्ण हस्ताक्षर एवं नाम साफ–साफ अक्षरों में अंकित किया जाता है।
9. **टंकण अभ्यास :–**सभी सहायक प्रशाखा पदाधिकारी प्रतिदिन हिन्दी में 25 से 30 शब्द प्रति मिनट की औसत गति प्राप्त करने हेतु टंकण तथा हस्तलेखन अभ्यास कर रहे हैं।
10. **पहचान पत्र–**सभी पदाधिकारी/कर्मचारी अपने–अपने पहचान पत्र के साथ कार्यालय आ रहे हैं।

पत्र संख्या–सं0का0–1 / वि0मं0(सत्र)–01–03 / 2025–.842./

बिहार सरकार

संसदीय कार्य विभाग

प्रेषक,

प्रत्यय अमृत,
मुख्य सचिव, बिहार।

सेवा में,

सरकार के सभी अपर मुख्य सचिव / प्रधान सचिव / सचिव,
सभी विभागाध्यक्ष, बिहार, पटना।

पटना, दिनांक–.25. नवम्बर, 2025

*विषय :– विधान मंडलीय सत्रावधि में विधायी कार्यों का समयानुकूल निष्पादन।*

महाशय,

उपर्युक्त विषय के संबंध में कहना है कि नवगठित अष्टादश बिहार विधान सभा का प्रथम सत्र दिनांक–01.12.2025 एवं बिहार विधान परिषद् का 211वें सत्र दिनांक–03.12.2025 से प्रारम्भ होने जा रहा है, इसके पूर्व सभी विभागों में निम्नलिखित कार्रवाई किया जाना आवश्यक है :–

1. अपने विभाग से संबंधित विधान परिषद् के लंबित प्रश्नों / ध्यानाकर्षण सूचनाओं / निवेदनों तथा विधान सभा / विधान परिषद् के आश्वासनों का उत्तर निश्चित रूप से समय पर भेजने की व्यवस्था की जाय एवं उसकी प्रति संसदीय कार्य विभाग को भी दी जाय।
2. सत्रकाल के दौरान विधान मंडल सचिवालय से निर्गत पत्रों को कार्यालय अवधि के बाद भी प्राप्त करने की व्यवस्था सुनिश्चित की जाय। छुट्टी के दिनों में भी ऐसी व्यवस्था हो कि इन पत्रों की प्राप्ति की जा सके। विधान मंडल सचिवालय एवं संसदीय कार्य विभाग को तदनुसार सूचित किया जाय।
3. इस सत्र में विधान मंडल के दोनों सदनों में वित्तीय वर्ष 2025–26 के द्वितीय अनुपूरक व्ययक विवरणी का उपस्थापन, वाद–विवाद एवं सरकार को उत्तर देना है। अतः वित्त विभाग से सतत् सम्पर्क बनाये रखा जाय तथा अपने–अपने विभाग से संबंधित अनुदान मांगों पर वाद–विवाद के समय विभाग के सक्षम पदाधिकारी, पदाधिकारी दीर्घा में उपलब्ध रहें, इसे सुनिश्चित किया जाय।
4. विधान सभा / विधान परिषद् में राजकीय विधेयक एवं विधायी कार्य हेतु समय निर्धारित है। यदि आपके विभाग से संबंधित कोई विधेयक सदन में लाने का प्रस्ताव हो तो उसे विधि विभाग से तुरंत सम्पर्क स्थापित कर अग्रेतर कार्रवाई की जाय। साथही, प्रख्यापित अध्यादेशों को अधिनियमित कराने की कार्रवाई सुनिश्चित की जाय।

यह भी अनुरोध है कि अपने विभाग के विधान मंडलीय कार्यों के प्रभारी पदाधिकारी का नाम, पदनाम एवं दूरभाष / मोबाईल नं0 की सूचना संसदीय कार्य विभाग को विधान मंडल सत्र प्रारम्भ होने के कम से कम तीन दिन पूर्व निश्चित रूप से उपलब्ध करा दी जाय।

विश्वासभाजन,

25.11.2025

(प्रत्यय अमृत)
मुख्य सचिव, बिहार।

C.R.- 4861196
26/11/25.

61

ई-मेल

*e-mail* पत्र संख्या–सं0का0–1/वि0मं0(सत्र)–01–01/2025–525/

# बिहार सरकार
## संसदीय कार्य विभाग

प्रेषक,

अनुपम कुमार,
सचिव।

सेवा में,

सरकार के सभी अपर मुख्य सचिव/प्रधान सचिव/सचिव,
सभी विभागाध्यक्ष, बिहार, पटना।

पटना, दिनांक 26.06.2025

*विषय :– राज्य में प्रवृत्त अध्यादेशों की प्रति सदन के पटल पर रखे जाने के संबंध में।*

महोदय,

उपर्युक्त विषय के संबंध में कहना है कि पंचांग वर्ष 2025 में 27 मार्च, 2025 को सदन की बैठक की समाप्ति के बाद आपके विभाग द्वारा यदि कोई अध्यादेश जारी किया गया हो, तो इसकी जानकारी संसदीय कार्य विभाग को दी जाय, ताकि इसकी सूचना विधान सभा/विधान परिषद् सचिवालय को दी जा सके। साथ ही यह भी अनुरोध करना है कि बिहार विधान मण्डल के आगामी सत्र में अपने विभाग से संबंधित विधेयक के पुरःस्थापन की सूचना उपलब्ध कराने की कृपा की जाय।

यदि आपके विभाग से संबंधित कोई विधेयक सदन में लाने का प्रस्ताव हो तो विधि विभाग से तुरंत सम्पर्क कर विधान मंडल के सत्रारम्भ के पूर्व ही उसे विधान सभा को भेजना सुनिश्चित किया जाय।

कृपया इसे अत्यावश्यक समझा जाय।

विश्वासभाजन,
25/06/25
(अनुपम कुमार)
सचिव।

निदेशक (प्रशासन), कोषांग
गै०स०प्रे०सं० 2918
दिनांक 30/06/2025

July_2025_Assembly commence & Prorogue.docx

(16)

*बिहार विधान मंडलीय कार्य*
*अत्यावश्यक*

पत्र संख्या–सं0का0–1/वि0मं0(प्रश्न)03–01/2022–562/

**बिहार सरकार**

**संसदीय कार्य विभाग**

**प्रेषक,**

**अमृत लाल मीणा,**
**मुख्य सचिव।**

**सेवा में,**

**अपर मुख्य सचिव/प्रधान सचिव/सचिव,**
सभी विभाग,
बिहार, पटना।

प्रशाखा–01

पटना, दिनांक–04.07.2025

अपर मुख्य सचिव 13024 10 JUL 2025 शिक्षा विभाग, बिहार, पटना

***विषय : सप्तदश बिहार विधान सभा के पंचदश सत्र तथा बिहार विधान परिषद् के 210वें सत्र में माननीय सदस्यों द्वारा पूछे जाने वाले अल्पसूचित एवं तारांकित प्रश्नों के उत्तर ससमय उपलब्ध कराने के संबंध में।***

महाशय,

सप्तदश बिहार विधान सभा का पंचदश सत्र तथा बिहार विधान परिषद् का 210वाँ सत्र **दिनांक–21.07.2025** से आहूत है। बिहार विधान सभा/परिषद् की प्रक्रिया एवं कार्य संचालन नियमावली में अंकित प्रावधानों के आलोक में प्रश्नों के उत्तर के लिये आवंटित तिथि से क्रमशः पाँच/तीन दिन पूर्व संबंधित विभाग से लिखित उत्तर बिहार विधान सभा/परिषद् सचिवालय को प्राप्त हो जाना चाहिये ताकि ससमय उसे माननीय सदस्यों को उपलब्ध कराया जा सके।

अतएव सप्तदश बिहार विधान सभा के पंचदश सत्र तथा बिहार विधान परिषद् के 210वें सत्र में माननीय सदस्यों द्वारा पूछे जाने वाले अल्पसूचित एवं तारांकित प्रश्नों के उत्तर की प्रतियाँ विधान सभा सचिवालय को निर्धारित तिथि से **कम से कम पाँच दिन पूर्व** तथा विधान परिषद् सचिवालय को **तीन दिन पूर्व** ऑन लाईन/ऑफ लाईन के माध्यम से उपलब्ध करायी जाए। साथ ही संलग्न प्रपत्र में आसन्न सत्र के प्रश्नों, निवेदन, ध्यानाकर्षण, शून्यकाल, याचिका एवं गैर सरकारी संकल्पों से संबंधित **दैनिक** समेकित प्रतिवेदन भी सत्रावधि में प्रतिदिन **अपराह्न 4.00 बजे तक** अनिवार्य रूप से ऑन लाईन/ऑफ लाईन के माध्यम से संसदीय कार्य विभाग को उपलब्ध कराना सुनिश्चित किया जाय।

विश्वासभाजन,

***अनु0–यथोक्त।***

4.7.25
(अमृत लाल मीणा)
मुख्य सचिव।

July_2025_Assembly commence & Prorogue.docx

आ0- 4313276
08.07.25

## सप्तदश बिहार विधान सभा के पंचदश सत्र तथा बिहार विधान परिषद् के 210वें सत्र से संबंधित बिहार विधान सभा एवं बिहार विधान परिषद् के प्रश्नों की विभागवार अद्यतन स्थिति

दिनांक ............................ समय.........................

नोटः—प्रश्न के अन्तर्गत अल्पसूचित, तारांकित, अतारांकित, निवेदन, ध्यानाकर्षण, शून्यकाल, याचिका एवं गैर सरकारी संकल्प शामिल है।

| क्रम सं0 | विभाग का नाम | विधान सभा | | | विधान परिषद् | | | अभ्युक्ति |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | प्राप्त प्रश्नों की संख्या | प्रश्नोत्तरों की संख्या | लंबित प्रश्नों की संख्या | प्राप्त प्रश्नों की संख्या | प्रश्नोत्तरों की संख्या | लंबित प्रश्नों की संख्या | |
| | | | | | | | | |

July_2025_Assembly commence & Prorogue.docx

# बिहार विधान सभा से प्राप्त आश्वासन, निवेदन, शून्यकाल, याचिका एवं ध्यानाकर्षण की निदेशालयवार लम्बित सूची

दिनांक-17.12.2025 वर्ष-2023-25

| निदेशालय | आश्वा. | प्राप्त | शेष | निवेदन | प्राप्त | शेष | शून्यकाल | प्राप्त | शेष | याचिका | प्राप्त | शेष | ध्याना. | प्राप्त | शेष |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| प्राथमिक शिक्षा प्रशाखा-06, 07, 08 | 387 | **152** | **235** | 114 | **30** | **84** | 53 | **12** | **41** | 52 | **12** | **40** | 59 | **20** | 39 |
| माध्यमिक शिक्षा प्रशाखा-09, 11 | 280 | **87** | **193** | 106 | **33** | **73** | 68 | **06** | **62** | 49 | **17** | **32** | 61 | **12** | 49 |
| उच्च शिक्षा प्रशाखा-14, 15 | 123 | **32** | **91** | 43 | **15** | **28** | 52 | **06** | **46** | 10 | **5** | **5** | 42 | **15** | 27 |
| विशेष निदेशक,मा.शि. प्रशाखा-10 | 20 | **19** | **01** | 22 | **18** | **04** | 09 | **06** | **03** | 2 | **2** | - | 13 | **06** | 07 |
| जन शिक्षा प्रशाखा-13 | 2 | **2** | - | 10 | **06** | **04** | 12 | **10** | **02** | 02 | **02** | - | 08 | **04** | 04 |
| मध्याह्न भोजन योजना | 08 | **04** | **04** | 05 | **04** | **01** | 12 | **05** | **07** | 03 | **1** | **02** | 12 | **05** | 07 |
| प्रशासन प्रशाखा-02, 03, 04 | 07 | **04** | **03** | 03 | **02** | **01** | 02 | - | **02** | 01 | - | **01** | 02 | **01** | 01 |
| राज्य शिक्षा शोध संस्थान | 05 | **01** | **04** | 02 | - | 02 | 01 | - | **01** | 02 | **01** | **01** | 04 | - | 04 |
| पुस्तकालय | 04 | **02** | **02** | 02 | **01** | **01** | - | - | - | 03 | **02** | **01** | - | - | - |
| बी.ई.पी. | 2 | - | **02** | | - | - | - | - | - | - | - | - | - | - | - |
| ***कुल योग-*** | **838** | **303** | **535** | **307** | **109** | **198** | **209** | **45** | **164** | **124** | **42** | **82** | **201** | **63** | **138** |

# बिहार विधान परिषद से प्राप्त आश्वासन, निवेदन, शून्यकाल, याचिका एवं ध्यानाकर्षण की निदेशालयवार लम्बित सूची

दिनांक-17.12.2025 वर्ष-2023-25

| निदेशालय | आश्वा. | प्राप्त | शेष | निवेदन | प्राप्त | शेष | शून्यकाल | प्राप्त | शेष | याचिका | प्राप्त | शेष | ध्याना. | प्राप्त | शेष | अभ्युक्ति |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| प्राथमिक शिक्षा प्रशाखा-06, 07, 08 | 58 | **17** | **41** | 83 | **29** | **54** | 11 | **06** | **05** | 10 | - | **10** | 03 | **01** | 02 | |
| माध्यमिक शिक्षा प्रशाखा-09, 11 | 111 | **42** | **69** | 82 | **46** | **36** | 14 | **04** | **10** | 12 | **03** | **09** | 05 | **0** | 05 | |
| उच्च शिक्षा प्रशाखा-14, 15 | 53 | **13** | **40** | 64 | **23** | **41** | 05 | **01** | **04** | 05 | - | **05** | 04 | **02** | 02 | |
| विशेष निदेशक,मा.शि. प्रशाखा-10 | 15 | **08** | **07** | 07 | **06** | **01** | 01 | **01** | - | - | - | | **01** | - | **01** | |
| जन शिक्षा प्रशाखा-13 | **02** | **02** | - | 01 | **01** | - | 02 | **02** | - | - | - | | - | - | - | |
| मध्याह्न भोजन योजना | 01 | **01** | - | **03** | - | **03** | 01 | **01** | - | - | - | | - | - | - | |
| प्रशासन प्रशाखा-02, 03, 04 | 03 | **01** | **02** | 03 | **01** | **02** | 02 | **02** | - | 02 | - | **02** | - | - | - | |
| राज्य शिक्षा शोध संस्थान | 07 | **01** | **06** | **02** | - | **02** | 01 | - | **01** | 01 | - | **01** | - | - | - | |
| पुस्तकालय | **01** | **01** | - | 03 | **02** | **01** | 01 | - | **01** | 01 | - | **01** | - | - | - | |
| बी.ई.पी. | - | - | - | 01 | - | **01** | - | | | - | | | - | - | - | |
| टेक्सट बुक | - | - | - | 01 | - | **01** | - | | | - | | | - | - | - | |
| ***कुल योग-*** | **251** | **86** | **165** | **250** | **108** | **142** | **38** | **17** | **21** | **31** | **03** | **28** | **13** | **03** | **10** | |